(138)

परिशिष्ट-ख

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक– प्र012–(नि0)–43/2025 270 /खाद्य, पटना/दिनांक– 09/09/2025

सेवा में,

महालेखाकार, (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना ।

द्वारा – वित्त विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम/खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारियों/कर्मियों के प्रशिक्षण/दक्षता उन्मुखीकरण हेतु बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना (Bihar Institute of Grain Storage Management and Training, Patna-BIGSMT) की स्थापना एवं प्रशासनिक संरचना का गठन, ₹ 4,64,94,396 (चार करोड़ चौसठ लाख चौरानवे हजार तीन सौ छियानवे रूपये) मात्र के वार्षिक व्यय पर पदों की स्वीकृति तथा एन0ए0बी0एल0 (NABL) मानक के राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की स्थापना की स्वीकृति के संबंध में।

आदेशः– स्वीकृत।

2. उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम/खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारियों/कर्मियों के प्रशिक्षण/दक्षता उन्मुखीकरण हेतु बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना (Bihar Institute of Grain Storage Management and Training, Patna-BIGSMT) की स्थापना एवं प्रशासनिक संरचना का गठन, ₹ 4,64,94,396 (चार करोड़ चौसठ लाख चौरानवे हजार तीन सौ छियानवे रूपये) मात्र के वार्षिक व्यय पर पदों की स्वीकृति दी गई है, जो निम्नवत है :–

(I) नियमित पद

| क्र0सं0 | पद का नाम | वेतनमान | पद की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक (सं0स0 या उच्चतर पद) | PB-3+8700/- Level-13 | 01 |
| 2 | संयुक्त निदेशक (बि0प्र0से0 के अपर समाहर्त्ता/ ~~राज्य खाद्य निगम~~ के संवर्गीय) | PB-3+7600/- Level-12 | 04 |
| 3 | उप निदेशक (जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समकक्ष, बिहार आपूर्ति सेवा/जिला प्रबंधक संवर्ग) | PB-3+6600/- Level-11 | 06 |
| 4 | प्रधान लिपिक | PB-2+4200/- Level-6 | 02 |
| 5 | निम्न वर्गीय लिपिक | PB-1+1900/- Level-2 | 04 |
| 6 | आशुटंकक | PB-1+2400/- Level-4 | 02 |
| | कुल | | 19 |

D:\SEc 12\Sec-12 Sanction- Order\SEC-9 Sanction order Genadih Gidhor.docx

(II) निगम में सृजित होने वाले पद

| क्र0 सं0 | पद का नाम | वेतनमान | पद की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रबंधक | PB 2+4600/- Level-7 | 08 |
| 2 | कोर्स कॉर्डिनेटर (सहायक प्रबंधक संवर्ग) | PB -2+4600/- Level-7 | 04 |
| 3 | सहायक प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण/ गुणवत्ता नियंत्रक | PB-1+2400/- Level-4 | 06 |
| | कुल | | **18** |

3. उक्त संस्थान में 02 लैब टेकनिशियन, 08 कार्यपालक सहायक एवं 10 कार्यालय परिचारी/रात्रि प्रहरी की सेवा आउटसोर्स के माध्यम से ली जाएगी, जिसके विरूद्ध ₹ 53,67,288/– (तिरेपन लाख सड़सठ हजार दो सौ अठ्ठासी रूपये) मात्र का वार्षिक व्यय होगा एवं प्रशिक्षण हेतु अतिथि प्रशिक्षक को नियत मानदेय ₹ 2500/– प्रतिसत्र के अनुसार भुगतान पर ₹6,00,000/– (छः लाख रूपये) मात्र का वार्षिक व्यय होगा।

4. उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय रूपये ₹ 4,64,94,396 (चार करोड़ चौसठ लाख चौरानवे हजार तीन सौ छियानवे रूपये) है। अनुमानित व्यय विवरणी अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है।

5. उक्त मद में राशि का व्यय हेतु नया बजट शीर्ष खोलते हुए द्वितीय अनुपूरक/तृतीय अनुपूरक आगणन के माध्यम से राशि का उपबंध कराया जा सकेगा।

6. दिनांक 25.08.2025 को सम्पन्न प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त है।

7. दिनांक 09.09.2025 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–02 के रूप में प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त है।

09.09.2025
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव।

प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

09.09.2025
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र012–(नि0)–43/2025 270 /खाद्य, पटना/दिनांक– 09/09/2025
प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार सिंचाई भवन, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना (दो प्रतियों में)/माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/प्रधान सचिव कोषांग/प्रभारी अवर सचिव, प्रशाखा–05 एवं प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी–02, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

09.09.2025
प्रधान सचिव।

D:\SEc 12\Sec-12 Sanction- Order\SEC-9 Sanction order Genadih Gidhor.docx

ज्ञापांक– प्र012–(नि0)–43 / 2025 270 / खाद्य, पटना / दिनांक– 09/09/2025
प्रतिलिपि–प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.09.2025
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– प्र012–(नि0)–43 / 2025 270 / खाद्य, पटना / दिनांक– 09/09/2025
प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.09.2025
प्रधान सचिव।